नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शुक्रवार, 23 सितंबर 2016 Page-10

दिल्ली के स्टूडेंट्स बने ग्लोबल विनर

■ प्रस, नई दिल्ली : दिल्ली के स्टूडेंट्स जर्मनी में हुए फ्यूचर यंग आन्ट्रप्रनर कॉम्पिटिशन के ग्लोबल विनर बने हैं। दुनिया की 13 देशों की टीमों से दिल्ली के पांच स्टूडेंट्स की टीम ने यह कॉम्पिटिशन जीता है। 'पीकाबुक' प्रोजेक्ट के जरिए एमिटी इंटरनैशनल स्कूल, पुष्प विहार के इन स्टूडेंट्स ने एक ऐसा बिज़नेस मॉडल बनाया था, जिसके जरिए कस्टमर रिटेलर से ऑनलाइन कनेक्ट होकर सेकंड हैंड किताबें कम दामों में खरीद सकेंगे।

मेधा माथुर, अंश अग्रवाल, यश गुप्ता, मनन राय और निखिल कालिया का यह मॉडल एनवायरनमेंट फ्रेंडली है। स्टूडेंट्स ने बताया, हमने हिसाब लगाया है कि अगर 114 किताबें बिकती हैं, तो एक पेड़ कटने से बचेगा। उन्होंने बताया, यह हमारी स्मार्ट मेहनत थी जिसकी बदौलत हमने यह खिताब जीता। आपके पास हर कदम पर मौका है, बस सही मैनजमेंट और साइंटिफिक अप्रोच से बढ़ने की जरूरत है।

जर्मनी में हुआ फ्यूचर यंग आन्ट्रप्रनर कॉम्पिटिशन

स्कूल की प्रिंसिपल अमिता मोहन ने कहा, बर्लिन में हुआ 'फ्यूचर यंग आन्ट्रप्रनर्स कॉम्पिटिशन' गोथे इंस्टिट्यूट की ओर से 16 सितंबर को हुआ था। हमारे स्कूल के बच्चे अपने आइडिया और विजन की बदौलत जर्मनी, नीदरलैंड, वियतनाम समेत 13 देशों की टीम से जीते हैं।

Delhi ke Student bane Global Winner